prepp

Practice, Learn and Achieve
Your Goal with Prepp

# Haryana Police Exam

Previous Year Paper

Simplifying
**Government Exams**

SSC CHSL | IAS EXAM | RRB NTPC | NTSE | CDS
SSC CGL | CBSE UGC NET | IBPS PO | NDA
SBI PO | IBPS CLERK | AFCAT | SSC JE | CTET
CSIR UGC NET | CAPF | IBPS RRB

www.prepp.in

Sl. No. 246110

# TEST CODE : 8/2015

Category No. : 02, 03 & 04

Series : **B**

अभ्यर्थी का रोल नम्बर

| 1 | 0 | 0 | 2 | 0 | 0 | 4 | 7 | 9 | 2 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|

अवधि : 1 घंटा और 30 मिनट | कुल प्रश्न : 100 | अधिकतम अंक : 60

HSSC 1000 Posts of Female Constable (General Duty)

## इस प्रश्न-पत्र को हल करने से पहले कृपया निर्देशों को पढ़ें

## अभ्यर्थियों के लिए विशेष निर्देश

1. प्रत्येक प्रश्न को हल करें और प्रत्येक ठीक उत्तर के लिए निर्धारित अंक **0.60** हैं । गलत उत्तर के लिए **0.15** अंक काट लिये जायेंगे ।

2. प्रश्न-पत्र को हल करने से पहले कृपया जाँच लें कि पुस्तिका में कुल **12** पृष्ठ और एक OMR उत्तर पत्रक तीन कापियों वाला है । अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि परीक्षा प्रारंभ होते ही पाँच मिनट के अंदर सुनिश्चित कर लें कि आपकी पुस्तिका और OMR उत्तर पत्रक के सभी पृष्ठ अच्छी तरह छपे हुए हैं और इसे किसी भी प्रकार से क्षति नहीं पहुँची है । OMR उत्तर पत्रक एवं टेस्ट बुकलेट (पुस्तिका) के सीरियल नं. और सीरीज एक-समान होने चाहिए । किसी भी प्रकार की विसंगति पाए जाने पर अभ्यर्थी को पर्यवेक्षक (Invigilator) से टेस्ट बुकलेट और OMR उत्तर पत्रक बदलवा लेनी चाहिए । परीक्षा प्रारंभ होने के पाँच मिनट पश्चात् ऐसी शिकायतों पर विचार नहीं किया जाएगा ।

3. इस पुस्तिका और OMR उत्तर पत्रक में ऊपर अपना रोल नम्बर लिखना न भूलें ।

4. प्रश्न-पुस्तिका और OMR उत्तर पत्रक के किसी भी पृष्ठ को न तो फाड़ें और न मोड़ें ।

5. अभ्यर्थियों को स्पष्ट पठनीय प्रवेश-पत्र लाना है, जिस पर हाल ही में खींचा गया रंगीन फोटो उस स्थान पर चिपका होना चाहिए जहाँ B लिखा हुआ है । इस फोटो को किसी राजपत्रित अधिकारी द्वारा प्रमाणित होना चाहिए । इसके अतिरिक्त फोटो लगा हुआ एक परिचय-पत्र, जैसे कि ड्राइविंग लाइसेन्स, मतदाता परिचय-पत्र, आधार कार्ड, पासपोर्ट आदि में से कोई एक परीक्षा-केन्द्र पर लाना अनिवार्य है । इनके न होने पर अभ्यर्थी को परीक्षा-केन्द्र में प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी ।

6. अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे सुनिश्चित कर लें कि उन्होंने OMR उत्तर-पत्रक में नाम, रोल नं. और टेस्ट बुकलेट कोड सही भरा है । यदि बुकलेट-कोड के लिए दिया गया स्थान खाली छोड़ा जाता है या एक से अधिक बुकलेट कोड लिख दिए गए हैं या निर्देशानुसार नाम और रोल नम्बर नहीं भरे गए हैं तो इसे गलत तरीके से भरा गया बुकलेट कोड माना जाएगा और उत्तर-पत्रक का मूल्यांकन नहीं किया जाएगा । टेस्ट बुकलेट कोड लिखने में किसी भी प्रकार की त्रुटि या चूक होने पर अभ्यर्थी स्वयं ही परिणामों को भुगतने के लिए उत्तरदायी होगा । पुरुष-अभ्यर्थी अपने बाएँ हाथ के अँगूठे का और महिला-अभ्यर्थी अपने दाएँ हाथ के अँगूठे का अंकन उपस्थिति-पत्रक पर, OMR उत्तर पत्रक पर और बायोमैट्रिक मशीन में देंगे और उचित स्थान पर हस्ताक्षर भी करेंगे ।

7. परीक्षा-हॉल में पर्यवेक्षक की उपस्थिति में अभ्यर्थियों को प्रवेश-पत्र पर दो स्थानों में हस्ताक्षर करने हैं और अँगूठे के निशान देने हैं ।

8. **अभ्यर्थियों को चेतावनी दी जाती है कि वे OMR उत्तर-पत्रक में किसी भी प्रकार का अनावश्यक निशान न बनाएँ और न ही इसे मोड़ें । OMR उत्तर पत्रक में कुछ भी लिखने और भरने के पश्चात् उसे मिटाने के लिए रबड, नाखून, ब्लेड, सफेद तरल पदार्थ / वाइटनर आदि का प्रयोग या किसी अन्य प्रकार से इसे क्षति पहुँचाने पर सख्त निषेध है । इन वस्तुओं के प्रयोग से उत्तर-पत्रक या OMR उत्तर पत्रक में धब्बे पड़े होने पर, खरोंच के निशान होने पर या क्षति होने पर अभ्यर्थी की अभ्यर्थिता और OMR उत्तर पत्रक दोनों ही निरस्त कर दिए जाएँगे ।**

**जब तक कहा न जाए, सील न खोलें ।**

**26-B**

(प्रश्न-पुस्तिका के अंतिम पृष्ठ में दिये हुए निर्देश को पढ़ें ।)

RESULT PORT.IN
RESULT PORT.IN
Scanned by CamScanner
Latest Sarkari Jobs, Govt Exam Results, Vacancies and updates on one click
Know More

# 8/2015 (Cat. No. 02, 03, 04)

1. पृथ्वी की अपनी काल्पनिक धुरी पर एक बार की घूर्णन अवधि कितनी है ?
   (A) 24 घण्टा 37 मिनट 23 सेकण्ड
   (B) 24 घण्टा
   (C) 23 घण्टा 56 मिनट 4 सेकण्ड
   (D) 23 घण्टा 52 मिनट

2. वित्त आयोग अपनी सिफारिशें किसको सौंपता है ?
   (A) वित्त मंत्री (B) योजना आयोग
   (C) संसद (D) राष्ट्रपति

3. लाल मिट्टी सामान्यतया निम्नलिखित में से किन राज्यों में पाई जाती है ?
   (A) पंजाब एवं राजस्थान
   (B) हिमाचल प्रदेश एवं हरियाणा
   (C) राजस्थान एवं हिमाचल प्रदेश
   (D) तमिलनाडु एवं आन्ध्र प्रदेश

4. रिज़र्व बैंक ऑफ इण्डिया कब राज्य-स्वामित्व का संस्थान बना ?
   (A) 1956 (B) 1952
   (C) 1950 (D) 1949

5. भारत का संविधान तैयार करने के लिए गठित संविधान निर्मात्री सभा का अध्यक्ष कौन था ?
   (A) पं. जवाहरलाल नेहरू
   (B) सरदार वल्लभभाई पटेल
   (C) डॉ. राजेन्द्र प्रसाद
   (D) डॉ. भीमराव अम्बेडकर

6. समवर्ती सूची में किसी विषय पर केन्द्र एवं राज्य के बीच कानून में द्वन्द्व होने की स्थिति में
   (A) जो कानून पहले पारित हुआ वह प्रभावी रहेगा ।
   (B) राज्य का कानून प्रभावी रहेगा ।
   (C) केन्द्र का कानून प्रभावी रहेगा ।
   (D) दोनों कानून निष्प्रभावी रहेंगे ।

7. रामकृष्ण मिशन की स्थापना किसने की थी ?
   (A) रामकृष्ण परमहंस
   (B) स्वामी दयानन्द सरस्वती
   (C) स्वामी विवेकानन्द
   (D) शंकराचार्य

8. खजुराहो में मन्दिरों का निर्माण किसने कराया था ?
   (A) छत्रसाल ने
   (B) परमार वंश के राजाओं ने
   (C) चन्देल वंश के राजाओं ने
   (D) राजा भोज ने

9. दक्षिण भारत में चोल राजवंश का संस्थापक कौन था ?
   (A) करिकाल
   (B) परान्तक
   (C) राजराजा
   (D) इनमें से कोई नहीं

10. अजन्ता-एलोरा की सुप्रसिद्ध गुफाओं में किस धर्म से सम्बन्धित मूर्तियाँ तथा भित्ति-चित्र मिलते हैं ?
    (A) हिन्दू धर्म (B) बौद्ध धर्म
    (C) जैन धर्म (D) ये सभी

11. टमाटर में कौन सा विटामिन पाया जाता है ?
    (A) विटामिन 'बी'
    (B) विटामिन 'डी'
    (C) विटामिन 'सी'
    (D) इनमें से कोई नहीं

12. किस प्रक्रिया से लालटेन या लैम्प की बत्ती से तेल ऊपर चढ़ता है ?
    (A) बलाघूर्ण से
    (B) केशिकत्व से
    (C) पृष्ठ तनाव से
    (D) इनमें से कोई नहीं



Scanned by CamScanner
Latest Sarkari Jobs, Govt Exam Results, Vacancies and updates on one click
Know More

13. सूर्य का प्रकाश किस प्रक्रिया से पृथ्वी पर पहुँचता है ?
(A) चालन
(B) संवहन
(C) विकिरण
(D) विसरण

14. ध्वनि की गति सर्वाधिक होती है
(A) वायु में
(B) पानी में
(C) लोहे में
(D) निर्वात में

15. पौधों में क्लोरोफिल मुख्यत: पाया जाता है
(A) जड़ में
(B) फल में
(C) पत्तियों में
(D) तने में

16. राष्ट्रीय डेयरी अनुसंधान संस्थान कहाँ है ?
(A) आनन्द
(B) लुधियाना
(C) करनाल
(D) हिसार

17. भूदान आन्दोलन शुरू हुआ
(A) अप्रैल 1951 को
(B) मार्च 1950 में
(C) अक्टूबर 1952 को
(D) अप्रैल 1949 में

18. मधुमक्खियों का पालन कहलाता है
(A) पीसीकल्चर
(B) सेरीकल्चर
(C) टिशू कल्चर
(D) एपीकल्चर

19. 'पंत सम्राट' प्रजाति है
(A) टमाटर की
(B) आलू की
(C) बैंगन की
(D) पातगोभी की

20. निम्नलिखित में से कौन सी प्रजाति गेहूँ की नहीं है ?
(A) सुजाता
(B) क्रान्ति
(C) सोनालिका
(D) कंचन

21. जाफराबादी भैंस पाई जाती है
(A) गुजरात में
(B) उत्तर प्रदेश में
(C) मध्य प्रदेश में
(D) हरियाणा में

22. गहन पशुधन विकास परियोजना (Intensive Cattle Development Project) किस पंचवर्षीय योजना में प्रारंभ हुई ?
(A) III
(B) II
(C) IV
(D) V

23. पशुप्लेग (रिंडरपेस्ट) का कारण है
(A) जीवाणु
(B) प्रोटोजोआ
(C) विषाणु
(D) इनमें से कोई नहीं

24. गाय का जीवनकाल सामान्यत: कितने वर्षों का होता है ?
(A) 10-15
(B) 30-40
(C) 20-25
(D) 40-50

25. मूगा रेशम का उत्पादन मुख्यत: होता है
(A) असम
(B) बंगाल
(C) कर्नाटक
(D) इनमें से कोई नहीं

26. पोलियो की दवा (Vaccine) का आविष्कारक था :
(A) जोनास साल्क
(B) एल्ब ई. सेबिन
(C) सल्मान वाक्समा
(D) इनमें से कोई नहीं

27. खाने वाला नमक है
(A) सोडियम क्लोराइड
(B) सोडियम कार्बोनेट
(C) पोटैशियम कार्बोनेट
(D) पोटैशियम क्लोराइड



Scanned by CamScanner
Latest Sarkari Jobs, Govt Exam Results, Vacancies and updates on one click
Know More

ईंट पर नाप

28. निम्न कॉलमों को सुमेलित कीजिए :

| | I | | II |
|---|---|---|---|
| A. | ऐसीटिक एसिड | 1. | दूध |
| B. | टैनिक एसिड | 2. | प्रोटीन |
| C. | एमिनो एसिड | 3. | चाय |
| D. | लैक्टिक एसिड | 4. | सिरका |

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (B) | 2 | 1 | 4 | 3 |
| (C) | 4 | 3 | 2 | 1 |
| (D) | 4 | 2 | 3 | 1 |

$E = mc^2$

29. संहति और ऊर्जा के बीच किसने सम्बन्ध स्थापित किया था ?

(A) प्लांक (B) आइंस्टाइन

(C) डाल्टन (D) रदरफोर्ड

30. 'मिसाइल मैन ऑफ इण्डिया' किसे कहा जाता है ?

(A) अर्जुन सिंह

(B) डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम

(C) डॉ. सी.वी. रमन

(D) एच.जे. भाभा

31. भारतीय परमाणु ऊर्जा आयोग का प्रथम अध्यक्ष कौन था ?

(A) डॉ. राजा मिश्रा

(B) डॉ. एम.जी.के. मेनन

(C) डॉ. एच.जे. भाभा

(D) डॉ. सतीश धवन

32. राष्ट्रीय रासायनिक प्रयोगशाला कहाँ स्थित है ?

(A) नई दिल्ली (B) मुम्बई

(C) कोलकाता (D) पुणे

33. किस रोग की रोकथाम के लिए बी.सी.जी का टीका लेना चाहिए ?

BCG

(A) एड्स (B) पोलियो

(C) कैंसर (D) तपेदिक (यक्ष्मा)

34. हँसाने वाली गैस (Laughing Gas) है

(A) कार्बन डाइऑक्साइड

(B) नाइट्रस ऑक्साइड

(C) सल्फर डाइऑक्साइड

(D) कार्बन मोनोक्साइड

35. सार्वत्रिक दाता रक्त समूह है

(A) A

(B) AB

(C) O

(D) B

36. पनडुब्बी के अन्दर से समुद्र की सतह या भूमि के दृश्य देखने के लिए किस यन्त्र का प्रयोग किया जाता है ?

(A) पेरिस्कोप

(B) सेक्सटैण्ट

(C) स्टियरोस्कोप

(D) टेलीस्कोप



Scanned by CamScanner

Latest Sarkari Jobs, Govt Exam Results, Vacancies and updates on one click
Know More

**निर्देश** : (प्रश्न **37** से **39** तक) श्री और श्रीमती वर्मा के दो बच्चे आशा और शशी हैं । शशी की शादी राधा से हुई है जो श्रीमती महाजन की बेटी है । सुरेश, जो श्रीमती महाजन का बेटा है रीता से शादी करता है । सोनू और रॉकी, सुरेश और रीता के बच्चे हैं । उमा और सुधा, शशी और राधा की बेटियाँ हैं ।

**37.** सोनू का कुलनाम क्या है ?

(A) महाजन (B) वर्मा

(C) शशी (D) इनमें से कोई नहीं

**38.** सुधा के साथ सुरेश का क्या सम्बन्ध है ?

(A) भाई (B) चाचा

(C) मामा (D) भतीजा

**39.** सुधा का आशा से क्या सम्बन्ध है ?

(A) बहन (B) भतीजी

(C) चाची/मामी (D) बेटी

**40.** किसी निश्चित कोड में 'FAVOUR' को 'EBUPTS' के रूप में लिखा जाता है, उसी कोड में 'DAGGER' को किस प्रकार लिखा जाएगा ?

(A) EBHHFS (B) CBFHDS

(C) CBFFDS (D) EBFHDS


**41.** प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर कौन सी संख्या आएगी ?

| | |
|---|---|
| 3 | 9 |
| ? | 81 |

(A) 24 (B) 162

(C) 6561 (D) 729

**निर्देश** : (प्रश्न **42** से **44** तक) प्रदत्त वेन आरेख का परीक्षण करें और निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दें :




**42.** कौन सा भाग अंग्रेजी जानने वाले लोगों को इंगित करता है, किन्तु डॉक्टर को नहीं, ना ही स्नातकोत्तर, ना ही एशियाई ना ही भारतीय ?

(A) 9

(B) 6

(C) 10

(D) 3

**43.** कौन सा भाग स्नातकोत्तर भारतीय को इंगित करता है, जो एशियाई भी हैं ?

(A) 2

(B) 1

(C) 3

(D) 4

**44.** कौन सा भाग ऐसे भारतीय को इंगित करता है, जो अंग्रेजी जानते हैं, किंतु एशियाई नहीं हैं ?

(A) 10

(B) 9

(C) 3

(D) 6



Scanned by CamScanner
Latest Sarkari Jobs, Govt Exam Results, Vacancies and updates on one click
Know More

**निर्देश** : (45-46) निम्नलिखित प्रदत्त प्रत्येक प्रश्न में दो कथन दिए गए हैं जिसके बाद दो निष्कर्ष I और II दिए गए हैं । आपको दोनों प्रदत्त कथन सत्य मानने होंगे बावजूद इसके कि वे सर्वज्ञात तथ्यों से अलग प्रतीत हों और फिर यह निर्णय करें कि प्रदत्त निष्कर्ष में से कौन सा/से दिए हुए दो कथनों का तार्किक अनुसरण करते हैं । दोनों कथनों को पढ़ें और उत्तर दें ।

**45.** **कथन** : I. सभी पेंट स्कर्ट हैं ।
II. कोई शर्ट स्कर्ट नहीं है ।
**निष्कर्ष** : I. कुछ स्कर्ट पेंट हैं ।
II. सभी शर्ट पेंट हैं ।
(A) केवल निष्कर्ष I अनुसरण करता है ।
(B) केवल निष्कर्ष II अनुसरण करता है ।
(C) या तो I या II अनुसरण करता है ।
(D) ना तो I ना ही II अनुसरण करता है ।

**46.** **कथन** : I. सभी जहाज टायर हैं ।
II. सभी टायर इंजन हैं ।
**निष्कर्ष** : I. कोई भी इंजन जहाज नहीं है ।
II. कोई भी टायर जहाज नहीं है ।
(A) केवल निष्कर्ष I अनुसरण करता है ।
(B) केवल निष्कर्ष II अनुसरण करता है ।
(C) या तो I या II अनुसरण करता है ।
(D) ना तो I ना ही II अनुसरण करता है ।

**47.** जैसे दुर्घटना, सावधानी से सम्बन्धित है वैसे ही बीमारी किससे सम्बन्धित है ?
(A) पानी (B) स्वच्छता
(C) कीटाणु (D) जीवाणु

**48.** राज्य का राज्यपाल से जो सम्बन्ध है वही सम्बन्ध देश का किससे है ?
(A) प्रधान मन्त्री से
(B) राष्ट्रपति से
(C) राष्ट्रपिता से
(D) न्यायमूर्ति से

**निर्देश** : (49-50) निम्नलिखित प्रत्येक प्रश्न में चिह्न : : के बायीं ओर दो पद हैं तथा दाईं ओर एक पद एवं एक प्रश्नचिह्न है । प्रश्नचिह्न के स्थान पर नीचे दिए गए वैकल्पिक पदों में से कोई ऐसा पद आना है, जिसका दाईं ओर वाले पद से वही सम्बन्ध हो जो बाईं ओर वाले दोनों पदों में है । छाँटा गया पद आपका उत्तर है ।

**49.** ACE : HIL : : MOQ : ?
(A) TVX (B) TUX
(C) XVT (D) SUW

**50.** Aab : aAB : : Pqr : ?
(A) PQR (B) pQr
(C) PqR (D) pQR

**51.** 60 किमी प्रति घण्टा की रफ्तार से जा रही 75 मीटर लम्बी रेलगाड़ी एक बिजली के खम्भे को कितनी देर में पार कर लेगी ?
(A) 4.5 से. (B) 5.5 से.
(C) 6.5 से. (D) 7.5 से.

**52.** दो नल A और B एक टंकी को क्रमशः $7\frac{1}{2}$ मिनट तथा 5 मिनट में भर देते हैं तथा एक निकासी नल C एक मिनट में 14 लीटर पानी बाहर निकालता है । यदि टंकी भरी हो तथा तीनों नल खोल दिये जायें तो टंकी 1 घण्टे में खाली हो जाती है । टंकी की क्षमता ज्ञात कीजिए ।
(A) 60 लीटर (B) 80 लीटर
(C) 40 लीटर (D) 20 लीटर



Scanned by CamScanner
Latest Sarkari Jobs, Govt Exam Results, Vacancies and updates on one click
Know More

53. A तथा B एक कार्य को क्रमशः 7 दिन तथा 8 दिन में समाप्त कर सकते हैं । यदि दोनों एक दिन छोड़कर एक दिन काम करें तो कार्य कितने दिन में समाप्त हो जायेगा, जबकि A काम को आरम्भ करता है ?

(A) $9\frac{2}{6}$ दिन

(B) $6\frac{3}{4}$ दिन

(C) $7\frac{3}{7}$ दिन

(D) इनमें से कोई नहीं

54. एक फल विक्रेता ने ₹ 5 के 6 की दर से केले खरीदकर ₹ 3 के 4 की दर से बेच दिये । उसका लाभ प्रतिशत ज्ञात कीजिए ।

(A) 10%
(B) 20%
(C) 30%
(D) इनमें से कोई नहीं

55. $287 \times 287 + 269 \times 269 - 2 \times 287 \times 269 = ?$

(A) 534
(B) 446
(C) 354
(D) 324

56. दो संख्याओं का गुणनफल $\frac{y}{x}$ है । यदि इनमें से एक संख्या $\frac{x}{y^2}$ हो, तो दूसरी संख्या क्या होगी ?

(A) $\frac{y^3}{x^2}$
(B) $\frac{y^2}{x^3}$
(C) $\frac{x^2}{y}$
(D) $\frac{x}{y^2}$

57. 6 से विभक्त होने वाली तीन-अंकीय कुल कितनी संख्याएँ हैं ?

(A) 149
(B) 150
(C) 151
(D) 166

58. निम्नलिखित में से अवरोही क्रम में कौन सी संख्याएँ हैं ?

(A) $\frac{3}{5}, \frac{7}{9}, \frac{6}{7}$
(B) $\frac{7}{9}, \frac{3}{5}, \frac{6}{7}$
(C) $\frac{7}{9}, \frac{6}{7}, \frac{3}{5}$
(D) $\frac{6}{7}, \frac{7}{9}, \frac{3}{5}$

59. 1.75, 5.6 तथा 7 का महत्तम समापवर्तक क्या होगा ?

(A) .7
(B) .07
(C) 3.5
(D) .35

60. एक व्यक्ति ने ₹. 100 अपने मित्रों में बराबर-बराबर बाँटे । यदि उसके 5 मित्र अधिक होते, तो प्रत्येक को ₹ 1 कम मिलता । उसके कितने मित्र थे ?

(A) 20
(B) 25
(C) 30
(D) 35

61. एक नाव एक निश्चित बिन्दु तक 15 किमी. प्रति घण्टा की चाल से जाती है तथा 10 किमी. प्रति घण्टा की चाल से वापिस प्रारम्भिक बिन्दु पर लौट आती है । पूरी यात्रा में नाव की औसत चाल (किमी./घण्टा में) कितनी है ?

(A) 12.5
(B) 12
(C) 11.25
(D) इनमें से कोई नहीं

62. कमला का विवाह 6 वर्ष पूर्व हुआ। उसकी वर्तमान आयु उसके विवाह के समय की आयु से $\frac{5}{4}$ गुनी है । कमला के पुत्र की आयु उसकी आयु का $\frac{1}{10}$ है । उसके पुत्र की वर्तमान आयु क्या है ?

(A) 2 वर्ष
(B) 3 वर्ष
(C) 4 वर्ष
(D) 5 वर्ष



Scanned by CamScanner
Latest Sarkari Jobs, Govt Exam Results, Vacancies and updates on one click
Know More

**निर्देश : (63-64)** प्रश्न-सूचक चिह्न (?) के स्थान पर कौन सी संख्या आएगी ?

63. 1, 3, 8, 26, 106, ?

(A) 530 (B) 634

(C) 532 (D) 664

64. 19 40 21

35 ? 40

(A) 80 (B) 75

(C) 90 (D) 65

**निर्देश : (65-66)** निम्नलिखित प्रश्नों में अन्य तीन से जो भिन्न है, उसे चुनिए :

65. (A) HLP (B) JNR

(C) EIN (D) CGK

66. (A) मई (B) जून

(C) जुलाई (D) अगस्त

67. यदि किसी पंक्ति में रोहन का स्थान बाएँ से 23वाँ तथा दाएँ से 21वाँ हो, तो उस पंक्ति में कुल कितने लड़के हैं ?

(A) 41 (B) 42

(C) 44 (D) 43

68. एक तस्वीर की ओर इंगित करते हुए मनीष ने कहा कि वह मेरे मामा के पिता की इकलौती बेटी की बेटी है, तो बतायें कि तस्वीर का सम्बन्ध मनीष से क्या है ?

(A) भाभी (B) मां

(C) बहन (D) चाची

69. 17 अप्रैल, 2015 को कौन सा दिन था ?

(A) मंगलवार (B) शुक्रवार

(C) शनिवार (D) सोमवार

70. ई. 1526 में हरियाणा में किस स्थान पर बाबर और इब्राहिम लोदी के बीच प्रसिद्ध युद्ध हुआ था ?

(A) पानीपत (B) कुरुक्षेत्र

(C) तावडू (D) जीन्द

71. आधुनिक हरियाणा राज्य का निर्माण कब किया गया था ?

(A) 1 नवम्बर, 1966

(B) 5 जनवरी, 1967

(C) 1 नवम्बर, 1958

(D) 15 अगस्त, 1947

72. तिलियर नामक पर्यटक स्थल हरियाणा के किस जिले में स्थित है ?

(A) जीन्द (B) महेन्द्रगढ़

(C) रोहतक (D) कैथल

73. हरियाणा के प्रथम राज्यपाल कौन बनाये गये ?

(A) श्री सत्यपाल (B) श्री धर्मवीर

(C) श्री देवीलाल (D) श्री बंसीलाल

74. हरियाणा के किस भाग में शिवालिक पर्वत श्रेणियाँ स्थित हैं ?

(A) उत्तर-पश्चिमी

(B) उत्तरी-पूर्वी

(C) दक्षिणी-पश्चिमी

(D) दक्षिणी-पूर्वी

75. हरियाणा को कुल कितने प्रशासनिक मण्डलों में बाँटा गया है ?

(A) 4 (B) 5

(C) 6 (D) 8



Scanned by CamScanner

Latest Sarkari Jobs, Govt Exam Results, Vacancies and updates on one click

Know More

76. प्रदेश के किन जिलों में दो विशेष पर्यावरण न्यायालयों की स्थापना की गई है ?

(A) फरीदाबाद व हिसार

(B) रेवाड़ी व महेन्द्रगढ़

(C) सिरसा व जीन्द

(D) भिवानी व यमुनानगर

77. जिला रोहतक में निम्नलिखित में से कौन सा खनिज पदार्थ पाया जाता है ?

(A) चूना (B) ताँबा

(C) मैंगनीज़ (D) अभ्रक

78. हरियाणा की प्रसिद्ध खिलाड़ी गीता जुत्शी किस खेल से सम्बन्धित हैं ?

(A) जिमनास्टिक (B) दौड़

(C) बैडमिंटन (D) टेनिस

79. हरियाणा के प्रसिद्ध लेखक पं. नेकीराम शर्मा ने भिवानी से कौन सा साप्ताहिक पत्र हिन्दी में प्रकाशित किया था ?

(A) संवाहक (B) सन्देश

(C) निवारण (D) वाणी

80. हरियाणा के किस जिले में प्रसिद्ध भूतेश्वर मंदिर है ?

(A) फरीदाबाद जिले में

(B) जीन्द जिले में

(C) रोहतक जिले में

(D) झज्जर जिले में

81. श्रीकृष्ण संग्रहालय हरियाणा में कहाँ पर स्थित है ?

(A) कुरुक्षेत्र में (B) रोहतक में

(C) पानीपत में (D) फरीदाबाद में

82. 'च वर्ग' का उच्चारण मुँह के किस भाग से होता है ?

(A) कण्ठ (B) मूर्धा

(C) ओष्ठ (D) तालु

83. सही वर्तनी का चयन कीजिए :

(A) ललायित (B) लालायित

(C) ललाईत (D) लालाइत

84. 'भौतिक' का विलोम निम्नलिखित में से कौन सा है ?

(A) लौकिक (B) आध्यात्मिक

(C) क्षणिक (D) जटिल

85. पुल्लिंग शब्द का चयन कीजिए :

(A) हड़ताल (B) पुलिस

(C) सरकार (D) संविधान

86. Choose the word which is most nearly the same in meaning to the key word.

PLEASURE

(A) disappointment

(B) happiness

(C) grief

(D) anxiety

87. Choose the word opposite in meaning to the key word.

MODESTY

(A) hypocrisy (B) vanity

(C) arrogance (D) superiority

88. Perfect health depends on the ________ of a few simple rules to health.

(A) observation (B) occurrence

(C) observance (D) adaptation

89. Choose the wrongly spelt word.

(A) enervated (B) evacuated

(C) exicuted (D) excavated



Scanned by CamScanner

Latest Sarkari Jobs, Govt Exam Results, Vacancies and updates on one click

Know More

90. भारतीय गणतंत्र दिवस के अवसर पर 26 जनवरी, 2016 को किस देश के राष्ट्रपति मुख्य अतिथि के रूप में आए थे ?

(A) इंग्लैंड (B) अमेरिका

(C) चीन (D) फ्रांस

91. सुंदर पिचाई का नाम किस कंपनी से संबद्ध है ?

(A) माइक्रोसॉफ्ट (B) गूगल

(C) याहू (D) इनमें से कोई नहीं

92. मिस वर्ल्ड 2015 सुश्री मीरिया लैलागुना रोयो किस देश की हैं ?

(A) स्पेन (B) फिलीपिंस

(C) ऑस्ट्रेलिया (D) ब्राजील

93. एकेडेमी अवार्ड 2016 (ऑस्कर) में किस फिल्म को सर्वश्रेष्ठ फिल्म का खिताब मिला ?

(A) सन ऑफ सोल

(B) इनसाइड आऊट

(C) स्पॉटलाइट

(D) इनमें से कोई नहीं

94. नरेंद्र मोदी सरकार द्वारा स्थापित 'नीति आयोग' किसके स्थान पर कार्यरत हुआ ?

(A) वित्त आयोग

(B) योजना आयोग

(C) सरकारिया आयोग

(D) इनमें से कोई नहीं

95. टेनिस खिलाड़ी सानिया मिर्जा ने मार्टिना हिंगिज के साथ मिलकर कई प्रमुख टूर्नामेंट जीते। मार्टिना हिंगिज संबंधित हैं

(A) स्विट्जरलैंड (B) जर्मनी

(C) स्पेन (D) इनमें से कोई नहीं

96. श्रीनिवास रामानुजन की जन्म शताब्दी 'राष्ट्रीय गणित दिवस' के रूप में किस दिन मनाई गई ?

(A) 20 दिसंबर (B) 24 नवंबर

(C) 22 दिसंबर (D) 26 सितंबर

97. जनवरी 2016 में 20वें राष्ट्रीय युवा महोत्सव की मेजबानी किस राज्य ने की ?

(A) हरियाणा (B) केरल

(C) गोवा (D) छत्तीसगढ़

98. दिसंबर 2015 में नई दिल्ली में आरंभिक प्रो-रेसलिंग लीग टाइटल किसने जीता ?

(A) मुंबई गरुड़ (B) हरियाणा हैमर्स

(C) पंजाब रॉयल्स (D) यूपी वारियर्स

99. जनवरी 2016 में किस बहुराष्ट्रीय फार्मा कंपनी ने अपने डायाबिटीज जागरूकता अभियान में सचिन तेंदुलकर को ब्रांड एम्बेसेडर बनाया ?

(A) इली लिली (B) फाइजर

(C) नोवार्टिज (D) नोवो नॉर्डिस्क

100. किस मुगल सम्राट ने पहली बार अंग्रेजों को भारत में व्यापार करने एवं कारखाना स्थापित करने की अनुमति दी थी ?

(A) अकबर (B) जहाँगीर

(C) शाहजहाँ (D) औरंगजेब



Scanned by CamScanner

Latest Sarkari Jobs, Govt Exam Results, Vacancies and updates on one click Know More

9. अभ्यर्थियों को चेतावनी दी जाती है कि वे रूमाल, मोबाइल फोन, किसी भी प्रकार की घड़ी, बेल्ट, इलेक्ट्रॉनिक या संचार संबंधी यंत्र, पेन, पेन्सिल, इरेज़र, शार्पनर और लिखा हुआ मिटाने के लिए तरल पदार्थ परीक्षा-केंद्र में न ले जाएँ और न ही अँगूठी, चैन, कान में पहनने की इअरिंग या किसी भी प्रकार का आभूषण पहनें । इन वस्तुओं के साथ किसी भी अभ्यर्थी को परीक्षा-हॉल में प्रवेश नहीं दिया जाएगा । परीक्षा-कक्ष के अंदर किसी अभ्यर्थी के पास यदि मोबाइल फोन या ऐसी ही कोई वस्तु जिनका उल्लेख ऊपर किया गया है, पायी जाती है तो इसे नियमों का गंभीर उल्लंघन माना जाएगा और परीक्षा में उसकी अभ्यर्थिता निरस्त कर दी जाएगी तथा भविष्य में ली जाने वाली परीक्षाओं में उपस्थित होने पर भी प्रतिबन्ध लगा दिया जाएगा । OMR उत्तर पत्रक पर मिटाने के लिए रबड़, नाखून, ब्लेड, सफेद तरल पदार्थ/वाइटनर आदि के उपयोग अथवा किसी अन्य प्रकार से क्षति पहुँचाने पर अभ्यर्थी का OMR उत्तर पत्रक निरस्त हो जाएगा और ऐसे OMR उत्तर पत्रक का मूल्यांकन नहीं किया जाएगा ।

10. लिखित परीक्षा के निरीक्षण में परीक्षा-केन्द्र में प्रवेश से पहले तलाशी के अतिरिक्त, CCTV कैमरा, बायोमैट्रिक यंत्र से अँगूठे के निशान लेकर उपस्थिति भरना, फोटो खींचना, वीडियोग्राफी और जैमर का प्रयोग आदि शामिल हैं ताकि नकल को रोका जा सके और एक अभ्यर्थी के स्थान पर कोई दूसरा परीक्षा न दे सके ।

11. परीक्षा-केन्द्र में परिवर्तन या परीक्षा-हॉल में सीट के परिवर्तन के संबंध में किसी भी अभ्यर्थी की प्रार्थना पर विचार नहीं किया जाएगा ।

12. पर्यवेक्षक द्वारा प्रवेश-पत्र या उपस्थिति पत्रक में अभ्यर्थी के स्कैन किए हुए फोटो का मिलान अभ्यर्थी से किया जाएगा । अभ्यर्थी और उसके फोटो के सत्यापन और पहचान में किसी भी प्रकार की विसंगति पाए जाने पर अभ्यर्थी को परीक्षा में प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी और वह आपराधिक अभियोग का पात्र होगा ।

13. इस OMR उत्तर-पत्रक की तीन प्रतियाँ हैं, मूल प्रति, आयोग प्रति एवं अभ्यर्थी प्रति । इन्हें कदापि अलग न करें । OMR उत्तर पत्रक की तीनों प्रतियों में गोलों को अलग-अलग काला न करें । अभ्यर्थी परीक्षा समाप्त होने पर ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रक तीनों प्रतियों को अलग किये बिना कक्ष परिप्रेक्षक को सौंप देंगे । अभ्यर्थी प्रति कक्ष परिप्रेक्षक द्वारा अलग करके उन्हें दे दी जायेगी । अभ्यर्थी अपने साथ इस परीक्षा पुस्तिका को ले जा सकते हैं ।

14. प्रत्येक प्रश्न के चार वैकल्पिक उत्तर दिए गए हैं जिनमें से केवल एक सही है । प्रत्येक प्रश्न के उत्तर के लिए OMR उत्तर पत्रक में केवल उस एक गोले को पेन से भर देना है जिसे आप सही उत्तर समझते हैं । यह आपको **आयोग द्वारा उपलब्ध** कराए गए केवल नीले या काले **बॉल-पेन से करना है** । गोलों को भरने के लिए पेन्सिल का प्रयोग नहीं करना है । यदि किसी उत्तर के लिए दो गोलों को गाढ़ा किया गया है तो उस उत्तर का मूल्यांकन नहीं किया जाएगा ।

15. परीक्षा के प्रथम और अंतिम तीस मिनट के दौरान किसी भी अभ्यर्थी को प्रसाधन (टॉयलेट/वॉशरूम) में जाने की अनुमति नहीं दी जाएगी ।


16. किसी भी अभ्यर्थी को OMR उत्तर पत्रक खाली छोड़ने की अनुमति नहीं है । यदि कोई OMR उत्तर पत्रक खाली पाई गई तो पर्यवेक्षक उस पर क्रॉस लगाने के पश्चात् अपना हस्ताक्षर कर देंगे और उस पर "खाली" लिख देंगे ।

17. आपके उत्तर-पत्रक की जाँच इलेक्ट्रॉनिक स्कैनिंग संसाधन से की जाएगी । अधूरा या गलत भरने पर आपका उत्तर-पत्रक अमान्य हो सकता है ।

18. समस्त आवश्यक विवरण सावधानीपूर्वक उत्तर-पत्रक में भरना है । उत्तर-पत्रक के बदलाव की अनुमति नहीं है ।

19. बॉक्स के सही गोला/गोलों को रंगते समय नीचे दिए अनुसार सही गोला/गोलों को रंगें । यदि आप एक से अधिक गोलों को काला करते हैं तो आपके उत्तर को गलत माना जाएगा और ऐसे उत्तर का मूल्यांकन नहीं होगा ।

| सही तरीका | गलत तरीके |
|---|---|



20. यदि कोई अभ्यर्थी उपर्युक्त निर्देशों का पालन नहीं करता है या अनुशासन भंग करता है तो आयोग निर्देश द्वारा उसके विरुद्ध कार्यवाही करता है और उसकी अभ्यर्थिता को उसे भविष्य में ली जाने वाली परीक्षाओं में भी वंचित किया जा सकता है । उसके विरुद्ध आपराधिक कार्यवाही का मामला भी दर्ज किया जा सकता है ।



Scanned by CamScanner

Latest Sarkari Jobs, Govt Exam Results, Vacancies and updates on one click

Know More

prepp

# Latest Sarkari jobs, Govt Exam alerts, Results and Vacancies

- Latest News and Notification
- Exam Paper Analysis
- Topic-wise weightage
- Previous Year Papers with Answer Key
- Preparation Strategy & Subject-wise Books

To know more **Click Here**

www.prepp.in